>

Title: Regarding implementation of works under Jal Jeevan Mission-laid.

श्री राहुल कस्वां (**चुरू**): जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक घर को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए गाँवों में पाईप लाईनें डाली जा रही है, उसमें उपयोग आने वाली सामग्री व पाईप लाईन बहुत ही घटिया गुणवता वाली डाली जा रही है, जिस संबंध में समाचार पत्रों एंव न्यूज चैनल पर काफी शिकायतें आ रही है। 50 वर्ष के लगभग समय हेतु यह योजना बनाई गई थी, जो मात्र 10 वर्ष भी नहीं चल सकती है । इसके अलावा दूरदराज स्थित ढाणियों को भी जल जीवन मिशन योजना के तहत शामिल किया जाना चाहिए । इस योजना का सही रूप से संचालन करने के लिए संबंधित संसद सदस्य के नेतृत्व में एक निरीक्षण समिति बनाई जानी चाहिए ।

मेरा निवेदन है कि निविदा के अनुसार जल जीवन मिशन योजना के तहत किये जाने वाले कार्य सही एंव पारदर्शितापूर्वक करवाने के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर मोनिटरिंग कमेटी बनाकर संचालन करवाने का श्रम करावें ।